## एक नजर में

### जिला चिकित्सालय के रेडियोलॉजी विभाग में मनाया गया विश्व रेडियोग्राफी दिवस




मंदसौर। विश्व रेडियोग्राफी दिवस के अवसर पर शनिवार, 8 नवम्बर को इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय, सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर के रेडियोलॉजी विभाग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत ने एक्स–रे के खोजकर्ता महान वैज्ञानिक विलियम कोनराड रॉन्टजन के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और उनकी 130वीं जयंती पर बधाई दी। डॉ. रावत ने एक्स–रे विभाग में कार्यरत स्टाफ की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि मरीजों को सुरक्षित सेवाएं देने के साथ स्वयं को भी रेडिएशन से बचाने के लिए श्वत्रक्ककी गाइडलाइन का पालन आवश्यक है। उन्होंने रेडियोग्राफर टीम के समर्पण और सेवा भावना की प्रशंसा की। इस अवसर पर एक्स–रे प्रभारी डॉ. संजय शर्मा, आरएमओ डॉ. सौरभ मंडवारिया, सहायक आरएमओ डॉ. आशीष वर्मा, रेडिएशन सेफ्टी ऑफिसर मोहनलाल धनगर, लैब इंचार्ज गजराज भिलाला, रेडियोग्राफर अजय गंगवाल, राहुल चौहान, अनिल शर्मा, सूरज सांकला, दीपक मालवीय, जगदीश खींची (बाबा) सहित स्वास्थ्य विभाग एवं एक्स–रे विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### स्मृति नागरिक सहकारी बैंक का 26वां स्थापना दिवस — चक दे 26 स्पेशल स्कीम का शुभारंभ

मंदसौर। स्मृति नागरिक सहकारी बैंक ने अपने स्थापना के गौरवशाली 26 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राहकों के लिए विशेष सावधि जमा योजना ﾑचक दे 26 स्पेशल स्कीमﾑ प्रारंभ की है। इस योजना के तहत ग्राहकों को 36 माह (3 वर्ष) की अवधि हेतु 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर का आकर्षक लाभ प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में जहाँ राष्ट्रीयकृत एवं निजी क्षेत्र के बैंक सावधि जमा पर अधिकतम 6 से 7 प्रतिशत तक ब्याज प्रदान कर रहे हैं, वहीं स्मृति नागरिक सहकारी बैंक ने अपने ग्राहकों को 8 प्रतिशत ब्याज दर की विशेष सुविधा देकर एक सराहनीय पहल की है। यह योजना बैंक के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रारंभ की गई है और 31 दिसंबर 2025 तक ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगी। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील पंजवानी ने बताया कि यह विशेष योजना बैंक के प्रति ग्राहकों के विश्वास और सहयोग के प्रति आभार प्रकट करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने सभी ग्राहकों और नागरिकों से अपील की कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएँ और अपनी राशि को ﾑचक दे 26 ! स्पेशल स्कीमﾑ में निवेश कर अधिक लाभ प्राप्त करें। श्री पंजवानी ने बताया कि बैंक के समस्त स्टाफ एवं सेल्स एग्जीक्यूटिव को इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक सावधि जमा एकत्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्मृति नागरिक सहकारी बैंक समय–समय पर अपने ग्राहकों के लिए नई एवं लाभकारी योजनाएं लाता रहा है, और ग्राहकों का उत्साहपूर्ण सहयोग बैंक की निरंतर प्रगति का आधार है।

### मंदसौर वॉलीबॉल ग्राउंड का लोकार्पण



मन्दसौर। जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन मंदसौर के नूतन स्टेडियम के पीछे स्केटिंग ग्राउंड के पास नए वॉलीबॉल ग्राउंड का लोकार्पण गरिमामय कार्यक्रम में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी श्री यशपालसिंह सिसोदिया, विशेष अतिथि जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंदसौर श्री विजेंद्र देवड़ा थे व अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर श्री टेरेसा मिंज ने की। प्रारंभ में मुख्य अतिथि श्री सिसौदिया द्वारा फीता काटकर ग्राउंड का लोकार्पण किया। अतिथियों का स्वागत मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक श्री अनिल कियावत, अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री विनय दुबेला, कोषाध्यक्ष श्री सज्जन सिंह श्रीमाल, सचिव त्रिभुवन कवीश्वर, सहसचिव अभिषेक सेठिया, अनिल पाटीदार, सदस्यगण शेर मोहम्मद खान, आशीष रेठा, रितेश पोरवाल, रंजन छाबड़ा, रवि मंत्री, चयन माली, एम्ब्रोज वाल्टर, विनय अग्रवाल, संयम चौहान, आस्था भावसार, कविता मेघवाल, नमन शर्मा, माधव जोशी, दिव्यांशी गुप्ता, नेहा सालवी, स्टेडियम के मैनेजर श्री शाइन कुरैशी आदि के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बालिका की दो टीमों के बीच एक प्रदर्शन मैच का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर और आभार प्रदर्शन मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कियावत ने किया। यह जानकारी वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर और कोच अभिषेक सेठिया ने दी है।

### सांसद गुर्जर ने किया निकेश इण्डस्ट्रीज का शुभारंभ

मन्दसौर। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र संजीत रोड किशोर धनराज पिता देवीलाल लोहार निवासी लालघाटी के दिव्या मशीनरी की एक और यूनिट निकेश इंडस्ट्रीज का शुभारंभ किया। इस अवसर पर परिवार जन रिश्तेदार व इष्ट मित्रो ने भी बधाई दी ।

सांसद श्री गुर्जर ने बताया कि किशोर और धनराज के पुरुषार्थ व कठिन परिश्रम का फल है। हम भगवान से प्रार्थना करते है कि आप और तरक्की करें। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश लोहार मुकेश एग्रो, राष्ट्रीय सचिव अनिल चौहान, नया गुजराती लोहार समाज जिला अध्यक्ष मोहनलाल चौहान लालघाटी एवं अनेक समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नया गुजराती लोहार जिला सचिव रतनलाल चौहान ने किया आभार किशोर लोहार ने माना।

### मंडीगेट के पास अवैध जुआ खेलते 8 आरोपी पकड़े, 4.76 लाख का मशरूका जब्त

मंदसौर। थाना कोतवाली पुलिस ने मंडीगेट क्षेत्र में चल रहे अवैध जुए पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया और ?4,76,300 रुपये का मशरूका जब्त किया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद मीना के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र भास्कर के मार्गदर्शन में की गई। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली, वायडी नगर और नई आबादी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अज्जु उर्फ अजहर तंबाकूवाला के मंडीगेट स्थित मकान पर दबिश दी, जहां जुआ खेलते आरोपी पकड़े गए। पुलिस ने मौके से ?1.76 लाख नगद, 5 मोबाइल और ताश की गड्डियाँ जब्त कीं। गिरफ्तार आरोपी – महेन्द्र सिंह (उज्जैन), अशोक होतवाली, बृजेश परमार और सरफराज अहमद (मंदसौर)। फरार आरोपी – अज्जु उर्फ अजहर तंबाकूवाला, अरबाज खान, जाहिद जुम्मा और जब्बार। पुलिस ने सभी आरोपियों पर म.प्र. सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## नशे में धुत एएसआई ने बोलेरो से शिक्षक को कुचला, गाड़ी में मिली दारू

▶ 10 साल के बेटे के पैर काटने पड़े, मासूम बेटी गंभीर घायल

**नीमच। मध्य प्रदेश के नीमच में शुक्रवार देर शाम एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। नशे में धुत एक पुलिस अफसर (एएसआई) की बोलेरो ने बाइक सवार शिक्षक के परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में टीचर की मौत हो गई। पत्नी और बेटी घायल हैं, जबकि 10 साल के बेटे के दोनों पैर काटने पड़े।**

पुलिस ने बताया कि नीमच–जावद मार्ग पर बोलेरो (एचआर 99 एबीएस (टेम्प.) 1491) चला रहे एएसआई मनोज यादव ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मारी। बाइक पर ज्ञानोदय आईटीआई कॉलेज के शिक्षक दशरथ पिता शंभू सिंह (42), उनकी पत्नी ललिता बाई (35), 10 वर्षीय बेटा हर्षित और 6 साल की बेटी जया सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दशरथ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हर्षित के दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए। डॉक्टरों को ऑपरेशन कर उन्हें काटना पड़ा। ललिता और जया गंभीर रूप से घायल हैं।

हादसे में अठाना निवासी भोपाल पिता नारायण सिंह (44) भी घायल हुए, जिन्हें जिला अस्पताल से रेफर किया गया है। हादसे के वक्त पुलिसकर्मी मनोज यादव पूरी तरह नशे में था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे



के बाद जब वो बोलेरो से बाहर आया तो उससे ठीक से खड़े होते भी नहीं बन रहा था। उसकी बोलेरो से शराब की बोतलें बरामद हुई हैं। नीमच पुलिस ने उसे सस्पेंड कर एफआईआर दर्ज कर ली है।

शिक्षक के साले नरेंद्र सिंह चौहान ने बताया, दशरथ ड्यूटी के बाद घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। बोलेरो बेकाबू थी। अंदर से शराब की बोतलें मिलीं। गुस्साए परिजन ने चक्काजाम कर दिया हादसे की खबर लगते ही गुस्साए परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और नीमच जिला चिकित्सालय में धरना शुरू कर दिया। सीएसपी किरण चौहान और सिटी थाना प्रभारी विकास पटेल मौके पर पहुंचे और समझाइश के बाद परिजन मान गए। लेकिन कुछ ही देर बाद वे महू–नसीराबाद हाईवे स्थित भरभड़िया फंटे पर पहुंच गए और बैरिकेड लगाकर दोबारा चक्काजाम कर दिया। हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। करीब साढ़े तीन घंटे बाद परिजन माने और चक्काजाम खोला।

एसडीएम संजीव साहू ने बताया कि कलेक्टर ने रेड क्रॉस से 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता तत्काल स्वीकृत की है। प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर परिजन शांत हुए। संभल योजना में रजिस्ट्रेशन होने पर सहायता राशि मिलेगी। पांच लाख रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष से देने का प्रकरण बनाकर भेजा जाएगा। बता दें, चक्काजाम कर रहे लोगों की मांग थी कि मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए। परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता मिले और आरोपी एएसआई पर सख्त कार्रवाई की जाए।



## 17वां कॉमन रिव्यू मिशन दल ने मंदसौर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण

### जिला अस्पताल से लेकर प्राथमिक केंद्रों तक की व्यवस्थाओं का किया मूल्यांकन

**मंदसौर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के 17वें कॉमन रिव्यू मिशन (छ्ररू) के तहत मंदसौर जिले का भ्रमण 1 से 6 नवम्बर तक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान ने बताया कि मिशन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पहुँच और प्रभावशीलता का आकलन करना है।

भारत सरकार द्वारा गठित 12 सदस्यीय दल का नेतृत्व डॉ. गोविंद बंसल, संचालक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने किया। दल ने जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया तथा मातृ–शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, डिजिटल हेल्थ इनिशिएटिव और जनजागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की।

7 नवम्बर को एनएचएम कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में दल ने निरीक्षण के अनुभव, नवाचार और सुधार के सुझाव साझा किए। इस अवसर पर श्री सरोज कुमार, संचालक (एनएचएम–ढ्ढ्ढ्ढ), श्री संदीप यादव, प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य), डॉ. सलोनी सिडाना, मिशन संचालक (एनएचएम) सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपराध को बढ़ावा देने वाले वीडियो साझा करने से बचें : थाना प्रभारी

▶ रील बनाने की होड़ में जोखिम न उठाएं, समाज को सहयोग देना होगा – थाना प्रभारी

**सीतामऊ। ऐसे किसी वीडियो को शेयर करने से बचना चाहिए जिससे अपराध हो या अपराधी को फायदा मिले। आजकल युवा पीढ़ी रील बनाने की होड़ में जोखिम उठाने से भी नहीं हिचकती, जबकि ऐसे कार्य समाज में अव्यवस्था फैलाते हैं। उक्त विचार सीतामऊ के नवागत थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ने पत्रकारों से संवाद के दौरान व्यक्त किए।**



थाना प्रभारी प्रजापति ने कहा कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा, विशेषकर महिलाओं से जुड़े अपराधों और चोरी की घटनाओं में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सीतामऊ क्षेत्र शांति प्रिय है, लेकिन हाल ही में एमडी जैसे केमिकल ड्रग्स का चलन बढ़ा है, जिसकी गिरफ्त में युवा तेजी से आ रहे हैं। इसके लिए अभिभावकों को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

प्रजापति ने कहा कि नगर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए हाईवे, बस स्टैंड और लदुना चौराहा क्षेत्र में पुलिस जवानों की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही अपराध नियंत्रण के लिए दुकानदारों और रहवासियों से आग्रह किया गया कि वे अपने प्रतिष्ठानों और गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं। नगर पंचायत द्वारा लगाए गए कैमरों की स्थिति की भी समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या और अन्य अपराधों से निपटने के लिए पुलिस एवं प्रशासन संयुक्त रूप से कार्य करेगा।

इस अवसर पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिनेश प्रजापति, वरिष्ठ पत्रकार रामेश्वर जामलिया, मोहनसिंह भंसाली, डॉ. राजमल सेठिया, संपादक संघ जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मांदलिया, पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष हेमंत जैन, प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, संयोजक हिम्मत सिंह चौहान, बलवंत भट्ट, देवदास बैरागी सहित अनेक पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मास्टर प्लान–2041 से मंदसौर के समग्र विकास को मिलेगा व्यावहारिक स्वरूप

### *सुशासन भवन में टाउन एंड कंट्री प्लान को लेकर हुई विशेष बैठक*

**मंदसौर।** सुशासन भवन सभागार में मंदसौर मास्टर प्लान–2041 को लेकर टाउन एंड कंट्री प्लान विभाग की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, विधायक विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, उपसंचालक श्रीमती विनीता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मास्टर प्लान के माध्यम से मंदसौर के समग्र एवं सुनियोजित विकास को व्यवहारिक स्वरूप देने पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनसंख्या घनत्व, विकास की प्राथमिकताओं और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की जाएं, ताकि शहर का विकास योजनाबद्ध और टिकाऊ हो। सड़क चौड़ीकरण में नगर पालिका की अनुमति लेने, बस स्टैंड के लिए उपयुक्त स्थान चयन और औद्योगिक क्षेत्र हेतु नीति एवं निवेश विभाग से समन्वय के निर्देश दिए गए। साथ ही मास्टर प्लान नियम 17 (क) के तहत गठित की जाने वाली समिति और प्राप्त आपत्तियों के परीक्षण पर भी चर्चा की गई।

## मास्टर प्लान–2041 सर्वहित में बने, जनता की आवाज को वैज्ञानिक रूप दें : डॉ. चेलावत

### *नगर विकास के विभिन्न आयामों पर दिए सुझाव, कहा – विकास योजना हो व्यावहारिक व सर्वसमावेशी*



**मंदसौर।** प्रसिद्ध चिकित्सक एवं जागरूक नागरिक डॉ. प्रदीप चेलावत ने नगर एवं ग्राम निवेश विभाग नीमच को मास्टर प्लान–2041 को सर्वहित में बनाने के लिए अनेक व्यावहारिक सुझाव प्रेषित किए हैं। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से शामिल करते हुए योजना को नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में तैयार किया जाए।

डॉ. चेलावत ने प्रमुख सड़कों जैसे महू–नीमच रोड, कलेक्टरेट से पशुपतिनाथ, राणा प्रताप बस स्टैंड से खानपुरा, रामटेकरी से बाईपास तक के मार्गों को सीधा और फोरलेन बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने पशुपतिनाथ रिवर फ्रंट, कालाभाटा डेम और शासकीय भूमि पर ग्रीन बेल्ट एवं गार्डन विकसित करने की बात कही।

उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया को शहर से बाहर संजीत रोड पर स्थानांतरित करने, कृषि उपज मंडी को 10 किमी दूर 500 बीघा क्षेत्र में बसाने और पास में रेलवे स्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया।

यातायात सुधार के लिए उन्होंने एमआईटी चौराहा पर ओवरब्रिज, विभिन्न क्षेत्रों में ऑडिटोरियम व पार्किंग निर्माण तथा ठेले–हाट के लिए नियत बाजार विकसित करने की आवश्यकता बताई। तेलिया तालाब के संरक्षण, सीमांकन और पर्यटन विकास पर भी विशेष बल दिया।

स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु डॉ. चेलावत ने मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग स्कूल व मुक्तिधाम हेतु 300 बीघा भूमि आरक्षित करने, साथ ही झुग्गी–बस्तियों, पशु–पक्षी अभ्यारण, संग्रहालय और बिजली उपकेंद्र जैसी सार्वजनिक सुविधाओं के लिए उपयुक्त प्रावधान करने की मांग की।

उन्होंने मास्टर प्लान के वित्तीय प्रावधानों और भूमि अर्जन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आपत्तियों का निराकरण भोपाल में नहीं, बल्कि मंदसौर में वर्चुअल रूप से होना चाहिए ताकि स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से भागीदारी निभा सकें।

**एक नजर** ▶ किसी भी नगर के विकास के लिए सड़क मार्ग जरूरी होता है : विधायक सखलेचा

## 291 करोड़ के नीमच–सिंगोली सड़क मार्ग निर्माण का विधायक सखलेचा की उपस्थिति में शुभारंभ

सिंगोली। नीमच से सिंगोली तिलस्वा महादेव मध्यप्रदेश की सीमा तक 291 करोड़ की लागत से बनने वाले नीमच सिंगोली सड़क मार्ग का शनिवार को प्रातः 11:00 बजे स्थानीय तिलस्वां चौराहे पर विधायक ओम प्रकाश सखलेचा ने भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारीयो एवं गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ किया।

शुभारंभ कार्यक्रम में जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन भाया, नगर परिषद उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़, सरवानिया नगर परिषद अध्यक्ष रूपेंद्र जैन, सांसद प्रतिनिधि गोपाल धाकड़ , मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी, भाजपा नगर अध्यक्ष लोकेश पटवा मौजूद थे।



कार्यक्रम में विधायक सखलेचा ने नागरिकों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी नगर के विकास के लिए सड़क मार्ग महत्वपूर्ण होता है, नीमच सिंगोली सड़क मार्ग बनने के बाद क्षेत्र में व्यापार एवं औद्योगिक विकास भी तेजी से होगा। आगामी 2 – 3 महीनों में माखनगंज – धोगवां सड़क मार्ग का भी निर्माण करवाने जा रहे हैं, जिससे सिंगोली का आवागमन तेजी से बढ़ेगा और यहां के व्यापार व्यवसाय को गति मिलेगी।

इस दौरान बड़ी संख्या में नगर एवं क्षेत्र के कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार मेहता ने किया और आभार नगर परिषद उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ ने व्यक्त किया।

### ओदुम्बर ब्राह्मण महासभा जिला नीमच का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव संपन्न

नीमच। ओदुम्बर ब्राह्मण महासभा जिला नीमच का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट दिनांक 7 नवंबर 2025 शुक्रवार को खेड़ापति बालाजी मंदिर परिसर नयागांव में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उपस्थित सभी समाजजनों द्वारा खेड़ापति बालाजी महाराज की आरती व पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सभी समाजजन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन महासभा के अध्यक्ष श्रवण कुमार शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने समाज के उत्थान हेतु अपने विचार व्यक्त किए। समाज को आगे ले जाने व प्रगति हेतु अन्य समाजजनों ने भी अपने मार्गदर्शनरूपी विचार सभी के सम्मुख रखें, जिसमें बाबूलाल पाराशर नयागांव, सत्यनारायण शर्मा महागढ़, संगठन सचिव राजेश बाबा नीमच, महिला वाहिनी अध्यक्ष मंजू जोशी नीमच, राकेश जोशी जावद, पवन शर्मा नयागांव, मनोज शर्मा नयागांव, ओमप्रकाश चौधरी नीमच थे। महासभा की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संरक्षक के रूप में ब्रजमोहन शर्मा जावद, सत्यनारायण शर्मा मालखेड़ा, सत्यनारायण शर्मा महागढ़ को महासभा के उचित मार्गदर्शन हेतु सम्मिलित किया गया।